रोल न० ..............................

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2022-23

## कक्षा – 12 वीं

## विषय : हिन्दी set-1

## (माध्यम – हिन्दी )

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23) (कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या - 8)

समय : 3 घंटे (पूर्णांक : 80)

**निर्देश:** -

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्र० 1 से प्रश्न क्र० 5 एकक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे।

(iii) प्रश्न क्र० 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।

(iv) प्रश्न क्र० 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। शब्द सीमा 75 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित है।

(v) प्रश्न क्र० 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं, शब्द सीमा 120 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित है।

(vi) प्रश्न क्र० 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गए है।

प्र 1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए - (1x 6 = 6)

(i) चौका लीपा जाता है –

(अ) मिट्टी से (ब) रंग से

(स) राख से (द) चूने से

MpBOARDOFFICIAL
ask classes

CamScanner

(ii) "करत–करत अभ्यास के जड़मती होत सुजान, रसरी आवत जात ते शिल पर परत निशान " पंक्ति में कोनसा अलंकार है।

(अ) विरोधाभास (ब) दृष्टांत

(स) व्यतिरेक (द) विभावना

(iii) चट-गिड़-घा का अर्थ है।

(अ) मत डरना (ब) वाह पट्ठे

(स) वाह! बहादुर (द) दाव काटो

(iv) राजभाषा को अङ्ग्रेजी में कहते है।

(अ) नेशनल लैङ्ग्वेज (ब) ओफ़िफ़शियल लैङ्ग्वेज

(स) वर्किंग लैङ्ग्वेज (द) कॉमन लैङ्ग्वेज

(v) जूझ रचना किस भाषा में लिखी गयी है

(अ) मराठी (ब) गुजराती

(स) ब्रज (द) अवधी

(vi) संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन कहलाता है

(अ) लाइव (ब) बाइट

(स) बीट (द) रिपोर्टिंग

प्र 2. रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए (1X7 = 7)

(i) सिल पर लाल ______________ पीसी गयी थी। (मिर्च/केसर)

(ii) वेदों और पुराणों में कहा गया है कि संकट के समय ______________ सभी पर कृपा करते हैं। (प्रभुराम/मजदूर)

(iii) पेट में चूहे कूदने में ______________ शब्द शक्ति है। (अभिधा/व्यंजना)

(iv) गगरी फूटी ______________ पियासा। (बैल/घोडा)

(v) तन पर नहीं लत्ता, पान खाये कलकत्ता का अर्थ ______________ है। (झूठा दिखावा/ सच कहना)

(vi) आनंद का पूरा नाम ______________ था। (आनंद रतन यादव/अजय रघु यादव)

(vii) एक सफल साक्षात्कारकर्ता में ______________ होना चाहिए। (पर्याप्त ज्ञान/ सुंदरता)

प्र 3. सही जोडी बनाकर लिखिए (1x6=6)

| (अ) | (ब) |
| --- | --- |
| (i) आलोक धन्वा | (क) महाकाव्य |
| (ii) साकेत | (ख) पशु |

MpBOARDOFFICIAL
ask classes

CS CamScanner

| | |
|---|---|
| (iii) ढोर | (ग) मराठी साहित्यकार |
| (iv) राम घर आया और सो गया | (घ) नई कविता |
| (v) डॉ. आनंद यादव | (ङ) इन डेप्थ रिपोर्ट |
| (vi) विशेष रिपोर्ट का प्रकार | (च) खंड वाक्य |
| | (छ) संयुक्त वाक्य |

प्र.4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए - (1x 7 = 7)

(i) अपाहिज क्या नहीं बता पाएगा ?

(ii) रस की निष्पत्ति में सहायक तत्वों के नाम लिखिए ?

(iii) लड़कों की टोली को क्या नाम दिया गया ?

(iv) 'काले मेघा पानी दे' किस विधा में लिखा गया है ?

(v) अंधा पीसे कुत्ता खाये का अर्थ बताइये ?

(vi) कागज और पेंसिल न होने पर लेखक कविता कैसे लिखता था ?

(vii) बीट क्या है ? लिखिए।

प्र.5. सत्य/असत्य कथन लिखिए - (1x6=6)

(i) 'प्रवासी की डायरी' बच्चन की आत्मकथा है।

(ii) रुबाई उर्दू-फारसी की एक छंद शैली है।

(iii) गुनाहों का देवता उपन्यास के लेखक प्रेमचंद हैं।

(iv) डेस्क तकनीकी शब्द है।

(v) लेखक आनंद यादव ने कक्षा पाँचवी में दाखिला लिया।

(vi) शैशव का सुकुमार का शरीर रोग-शोक में भी हँसता है।

प्र.6. हिन्दी पद्य साहित्य को कितने कालों में बांटा गया है ? लिखते हुए समयावधि भी लिखिए। 2 अंक

अथवा

रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहते हैं ? लिखिए।

प्र.7. कवि किसलिये चंचलता त्याग देता है ? 2 अंक

अथवा

कवि ने बादलों को विप्लव के बादल क्यों कहा है ?

MpBOARDOFFICIAL
ask classes
CamScanner

प्र 8. स्थायी भाव एवं संचारी भाव में अंतर लिखिए। 2 अंक

अथवा

प्रबंध काव्य एवं मुक्तक काव्य में अंतर लिखिए।

प्र 9. यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2 अंक

अथवा

बिम्ब विधान योजना से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र 10. जीवनी और आत्मकथा में अंतर लिखिए। 2 अंक

अथवा

निबंध को गद्य की कसौटी क्यों कहा गया है।

प्र 11. 'पानी दे गुड़ धानी दे' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? 2 अंक

अथवा

लुट्टन पहलवान का गुरु कौन था ? लेखक से उसका क्या नाता था ?

प्र 12. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर लिखिए। 2 अंक

अथवा

निपात की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र 13. विद्यालय कक्षा में पहुँचने पर शिक्षक-छात्र संवाद लिखिए। 2 अंक

अथवा

प्रसाद गुण सम्पन्न कविताओं की क्या विशेषता है। लिखिए।

प्र 14. फ्रिज के संबंध में यशोधर बाबू के विचार लिखिए। 2 अंक

अथवा

जूझ कहानी के औचित्य पर प्रकाश डालिए।

प्र 15. इंटरनेट की प्रमुख सीमाएं एवं दोष लिखिए। 2 अंक

अथवा

विशेष लेखन के प्रमुख क्षेत्र कौन-कौन से हैं।

MPBOARDOFFICIAL ask classes

CamScanner

प्र 16. निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' अथवा तुलसीदास का साहित्यिक परिचय लिखिए। 3 अंक

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाव पक्ष- कला पक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र 17. निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर धर्मवीर भारती अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय लिखिए – 3 अंक

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र 18. भाव पल्लवन कीजिये – 3 अंक

(i) जरा और मृत्यु दोनों ही जगत के प्रमाणित सत्य हैं।

पेज 6

(ii) आँखों में हो स्वर्ग, लेकिन पाँव पृथ्वी पर टिके हों।

अथवा

कम्प्यूटर शिक्षा की आवश्यकता हेतु एक आकर्षित बनाइये।

प्र 19. निम्नलिखित गद्यांश/ काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3 अंक

स्वच्छता हमारी दिनचर्या का महत्वपूर्ण अंग है, स्वच्छ शरीर में स्वच्छ आत्मा का निवास होता है। स्वच्छता का संबंध स्वस्थ रहने से भी है। हमारा नारा है – स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत। स्वच्छता घर में ही नहीं वरन आसपास के परिवेश की भी स्वच्छता होती है। अक्सर हम अपना घर तो साफ रखते हैं, पर बाहरी परिवेश की गंदगी के लिए सारा दोष सरकार पर लगाते हैं। जबकि वह गंदगी भी हमारे द्वारा फैलाई गयी होती है। अतः स्वच्छता अभियान के जरिये साफ सुथरा माहौल बनाना ही इस अभियान का मूल मकसद है। स्वच्छता अभियान भारत सरकार द्वारा वृहद पैमाने पर चलाया जा रहा है, दूरदर्शन आकाशवाणी के द्वारा इसका प्रचार किया जा रहा है। अभियान का क्रियान्वयन एक चुनौती है परंतु यदि हमारा जनमानस और छात्र भी एकजुट होकर इस अभियान में जुट जाए तो इस अभियान को कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता है।

प्रश्न :-

MpBOARDOFFICIAL ask classes

CamScanner

(i) उपर्युक्त गदयांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) स्वच्छता अभियान की कामयाबी के लिए क्या आवश्यक है।

(iii) 'लघु' का विलोम गदयांश में से लिखिए।

अथवा

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास ;
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास।
कई दिनों तक लगाई भीत पर छिपकलियों की गस्त,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही सिकस्त।

प्रश्न :-

(i) कई दिनों से चक्की उदास क्यों थी ?

(ii) उक्त पंक्तियाँ कौन-सी प्रकरतीक आपदा की ओर इशारा करती है ?

(iii) उक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

प्र 20. निम्नलिखित पदयांश का भावार्थ संदर्भ – प्रसंग तथा सौन्दर्य बोध सहित लिखिए – 4 अंक

तिरती है समीर-सागर पर
अस्थिर सुख पर दुख की छाया
जग के दग्ध हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया

MPBOARDOFFICIAL
ask classes

अथवा

जौं जनतेऊँ बन बंधु बिछोहु। पितु वचन मनतेऊँ नहीं ओहु।
सूत बित नारि भवन परिवारा। होहिं जाहिं जग बारहिं बारा।
अस बिचारी जियं जागहु ताता। मिलई न जगत सहोदर भ्राता ॥
जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनी करीबर कर हीना।
अस मन जिवन बंधु बिनु तोही। जौं जड़ देव जिआवै मोही ॥

प्र 21. निम्नलिखित गदयांश की व्याख्या संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – 4 अंक

CamScanner

यहाँ मुझे ज्ञात होता है कि बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है। और जो नहीं जानते है वे क्या चाहते हैं, अपनी 'परचेसिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति – शैतानी, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं न तो वे बाजार का लाभ उठा सकते हैं, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते हैं। वे लोग बाजार का बाजारूपन बढ़ाते हैं। कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी।

अथवा

जाड़े का दिन/अमावस्या की रात ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयस्त शिशु की तरह थर थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बांस-फूस की झोपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य! अँधेरा और निस्तब्धता। अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हंस पड़ते हैं।



प्र 22. अपने मित्र को हायर सेकेन्डरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर होने पर बधाई पत्र लिखिए। 4अंक

अथवा

विद्यालय के प्राचार्य को विद्यालय के बुक-बैंक से पुस्तकें प्राप्त करने हेतु आवेदन लिखिए।

प्र 23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए –

(i) कोरोना से बचाव एवं सावधानियाँ

(ii) भ्रष्टाचार की समस्या

(iii) जल का अपव्यय

(iv) पुस्तकालय का महत्व

(v) विवाह समारोह में बढ़ता दिखावा एवं फिजूलखर्ची।

MpBOARDOFFICIAL
ask classes
CamScanner

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2022-23

(R)

## कक्षा - 12 वीं

## विषय - हिन्दी

समय : 3 घण्टे    पूर्णांक - 80

निर्देश : 1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं -

2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1-1 अंक निर्धारित हैं।

3. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्नों के लिए 2-2 अंक निर्धारित हैं।

4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्नों के लिए 3-3 अंक निर्धारित हैं।

5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्नों के लिए 4-4 अंक निर्धारित हैं।

ask classes

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1 सही विकल्प चुनकर लिखिये?

(i) वीरगाथाकाल की प्रसिद्ध रचना है -

(अ) रामचरित मानस (ब) पद्मावत

(स) पृथ्वीराज रासो (द) साकेत

(ii) कबीर को हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा है-

(अ) भाषा का डिटेक्टर (ब) सधुक्कड़ी भाषा

(स) खिचड़ी भाषा (द) सहजभाषी

(iii) शब्द शक्ति के भेद माने गये हैं-

(अ) 2 (ब) 3

(स) 4 (द) 6

(iv) मात्रा की गणना के आधार पर जिस छन्द की रचना होती है, उसे कहते हैं-

(अ) वार्णिक छंद (ब) मात्रिक छंद



CamScanner

(स) घनाक्षरी छंद (द) दोहा छंद

(v) दसवाँ रस माना गया हैं-

(अ) करूण रस (ब) श्रृंगार रस

(स) भयानक रस (द) वात्सल्य रस

(vi) जहाँ शब्द चयन द्वारा कथन में सौंदर्य आता है, वहाँ होता है-

(अ) शब्दालंकार (ब) अर्थालंकार

(स) उभयालंकार (द) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये:-

(i) सरकारी कामकाज की भाषा ............ है। (राजभाषा /राष्ट्रभाषा)

(ii) विरोध न होते हुए भी जहाँ विरोध का आभास हो ............... अलंकार है। (विरोधाभास /भ्रांतिमान)

(iii) ............हिन्दी का सर्वोत्कृष्ट महाकाव्य है। (पंचवटी/रामचरित मानस

(iv) भक्तिन का वास्तविक नाम ................ था। (लछिमन/ ललिया)

(v) ................ में लेखक स्वयं अपने जीवन की कथा पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करता है। (आत्मकथा / उपन्यास)

(vi) ............ चूड़ी मर गई है। (बात की/ वाक्य की)

(vii) 'उषा' का अर्थ ............ है। (भोर /रात्रि)

प्रश्न 3 सही जोड़ी मिलइये -

| | खण्ड 'अ' | | खण्ड 'ब' |
|---|---|---|---|
| (i) | शब्द और अर्थ का सम्बंध | - | छायावाद |
| (ii) | तो | - | शब्द शक्ति |
| (iii) | महादेवी वर्मा | - | खाली मन न होना |
| (iv) | बाजार जाओ तो | - | निपात शब्द |
| (v) | सिल्वर वैडिंग | - | तीन |
| (vi) | रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार | - | यशोधर बाबू |

प्रश्न 4 एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर लिखिये-



ask classes

CS CamScanner

(i) पतंगों के साथ-साथकौन उड़ रहा है?

(ii) अपाहिज क्या नहीं बता पायेगा?

(iii) चंद्रगुप्त नाट्य किसकी रचना है?

(iv) व्यंग्यार्थ को व्यक्त करने वाली शब्द शक्ति को क्या कहते हैं?

(v) उषा का जादू कब टूटता है?

(vi) घटनास्थल से किसी खबर के सीधे प्रसारण को क्या कहते हैं?

(vii) कवि ने अपने खेत में कौन सा बीज बोया है?

प्रश्न 5 सत्य/असत्य का चयन कीजिये-

(i) द्विवेदी युग के प्रवर्तक महावीर प्रसाद द्विवेदी हैं।

(ii) जीवनी सत्य घटनाओं पर आधारित होती है।

(iii) एक बंद कमरे में भिखारी को लाया गया।

(iv) मेंढक मंडली की अगवानी बालाओं से होती थी।

(v) श्रृंगार, शांत एवं करूण रस में विशेष रूप से ओजगुण पाया जाता है।

(vi) पत्रकारिता जल्दी में लिखा गया साहित्य है।

श्न 6 वीरगाथा काल का मुख्य रस कौन सा है?

अथवा

रामचरित मानस के रचियता कौन हैं ?

श्न 7 ऊषा का जादू क्या है?

अथवा

स्वप्नों के संसार से कवि का क्या आशय है?

श्न 8 संचारी भाव व स्थायी भाव में दो अन्तर लिखिये।

अथवा

महाकाव्य एवं खण्ड काव्य में अंतर लिखिये।

श्न 9 भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा लिखिये

अथवा

चौपाई छंद के लक्षण लिखिये।

ask classes



CamScanner

न 10 गद्य की गौंण विधाओं के नाम लिखिए।

अथवा

नाटक के तत्व लिखिये।

11 लड़को की टोली को मेढ़क-मंडली नाम क्यों दिया गया?

अथवा

लेखक के पड़ोस में रहने वाले भगत जी क्या काम करते थे?

12 'निपात' की परिभाषा लिखिये।

अथवा

तकनीकी शब्द किसे कहते हैं?

3 तत्सम शब्द क्या है? समझाइये!

अथवा

नि. लि. उपसर्गों का उपयोग कर शब्द रूप बनाइये।

अति, परा, आ, वि

सिल्वर वैडिंग का आयोजन क्यों हुआ था?

अथवा

कविता लिखने के बाद लेखक किसे अपनी कविता सुनाते थे?

इंटरनेट की प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।

अथवा

विशेष लेखन क्या है?

हरिवंश राय बच्चन अथवा रघुवीर सहाय का काव्यगत परिचय नि.लि. बिन्दुओं के आधार पर दीजिये।

1. दो रचनाएँ 2. भावपक्ष-कलापक्ष

3. साहित्य में स्थान

जैनेन्द्र कुमार अथवा फणीश्वर नाथ रेणु का साहित्यिक परिचय नि.लि. बिन्दुओं के आधार पर दीजिये।

. दो रचनाएँ

भाषा-शैली

ask classes

CamScanner

3. साहित्य में स्थान

**प्रश्न 18** लोकोक्ति एवं मुहावरे में कोई तीन अन्तर लिखिये।

अथवा

राष्ट्रभाषा की विशेषताएँ लिखिये।

**प्रश्न 19** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिये।

देवी अथवा प्रात: स्मरणीय जैसे अलंकार अहिल्याबाई को छोड़कर इतिहास के अन्य शासक के नाम के साथ नहीं लगाए गए। मालवा की होलकर रियासत में मालवाधिपति देवी श्री अहिल्याबाई होलकर जैसी एकमात्र सामंत हुई जो सामान्य परिवार में हुई मगर देश की महत्वपूर्ण रियासत की स्वामिनी बनने का जिन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। बावजूद इसके वे आखिर तक सामान्य ही बनी रहीं। होलकर राजवंश के आरंभिक वर्षों में होलकर की गद्दी पर बैठकर होलकर राज्य के शासन सूत्र का अत्यंत कुशलता, क्षमता निस्पृहता और हर्ष भाव से चलाने वाली देवी अहिल्याबाई होलकर का स्थान के भारत के शासकों में अद्वितीय रहा है। उन्होंने जिस उदार भूमिका से शासन सूत्र संभाला और धीरता, वीरता साहस और पटुता के साथ उस समय के राजनीतिक, सामाजिक और युद्ध क्षेत्रों पर अद्वितीय तरीके से शासन किया वह भारत के इतिहास में पवित्र धरोहर के रूप में स्थापित है। आज भी पुण्य श्लोका लोकमाता देवी श्री अहिल्याबाई होलकर के धर्ममय और लोकसेवा परायण जीवन तथा कार्यों की पुण्य स्मृति हमें अभिभूत और प्रेरित करती रहती है।

**प्रश्न (i)** उपर्युक्त गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक दीजिए।

(ii) देवी अहिल्याबाई का शासन इतिहास की धरोहर क्यों कहा गया है?

(iii) 'निस्पृहता' का समानार्थी शब्द लिखिये।

(iv) 'धैर्य' का विशेषण रूप लिखिये।

**प्रश्न 20** निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग एवं संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये।

हम दूरदर्शन पर बोलेंगे

ask classes

CS CamScanner

हम समर्थ शक्तिवान
हम एक दुर्बल को लाएँगे
एक बंद कमरे में
उससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं?
तो आप क्यों अपाहिज हैं?
आपका अपाहिजपन तो दुःख देता है?

**अथवा**

बात सीधी थी पर एक बार, भाषा के चक्कर में
जरा टेढ़ी फँस गई। उसे पानी की कोशिश में
भाषा को उल्टा पलटा, तोड़ा मरोड़ा, घुमाया-फिराया
कि बात या तो बने या फिर भाषा से बाहर आए।

न 21 नि.लि.गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये-

उन लोगों के दो नाम थे- इंदर सेना या मेढ़क-मंडली। बिलकुल एक दूसरे के विपरीत। जो लोग उनके नग्नस्वरूप शरीर उनकी उछलकूद उनके शोर-शराबे और उनके कारण गली में होनेवाली कीचड़ काँदों से चिढ़ते थे, वे उन्हें कहते थे मेढ़क-मंडली। इनकी आगवानी गलियों में होती थी। वे होते थे दस-बारह बरस से सोलह अठारह बरस के लड़के, सांवला नंगा वदन सिर्फ जाघियाँ या कभी-कभी सिर्फ लंगोटी एक जगह इकट्ठे होते थे। पहला जयकारा लगता था, "बोल गंगा मैया की जय"। जयकारा सुनते ही लोग सावधान हो जाते थे। स्त्रियाँ और लड़कियाँ छज्जे-बारजे से झाँकने लगती थीं और यह विचित्र नंग-धड़ंग टोली उछलती-कूदती समवेत पुकार लगाती थी।
काले मेघा पानी दे।

**अथवा**

जाड़े का दिन । अमावस्या की रात ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्न्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूंस की झोपड़ियों में अन्धकार और सन्नाटे का सम्मिलित

ask classes



CS CamScanner

साम्राज्य! अंधेरा और निस्तब्धता।

अंधेरी रात-चुपचाप आँसू बहा रही थी।

निस्तब्धता करूण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में दबाने की चेष्टा कर रही थी।

प्रश्न 22 परीक्षाकाल में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना पत्र लिखिये।

**अथवा**

हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिये।

प्रश्न 23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त, किन्तु सारगर्भित निबंध लिखिये।

1. समय का महत्व
2. पुस्तकालय का महत्व
3. आरक्षण: अभिशॉप या वरदान
4. जल का महत्व ।

ask classes

***



CamScanner